PRAYER

ऊँ वर्णानामर्थसंघानाम् रसानाम् छन्दसामपि
मंगलानाम् च कर्तारौ वन्दे वाणी विनायकौ|

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता|
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:||

ऊँ असतो मा सद्गमय तमसो मा ज्योतिर्गमय
मृत्योंमाऽमृतम् गमय||

ऊँ सह नाववतु सह नौ भुनक्तु
सह वीर्यम् करवावहै|
तेजस्विनावधीत मस्तु माविद्विषावहै||

ऊँ शांति: शांति: शांति:

Film song

Aawara Ai Mere Dil

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Lata Mangeshkar

Music Director : Shankar Jaikishan

Lyrics : Shailendra

Film : Raat Aur Din

आवारा ऐ मेरे दिल
जाने कहाँ है तेरी मंज़िल } 2
आवारा ...

वीरानों में, सहराओं में
आते जाते, इन राहों में
तेरे इशारों पर, नाची मैं जीवन भर
आवारा ऐ मेरे ...

अब तो बतला, ऐ दिल मेरे
बाकी है अब, कितने फेरे
अब तो रुके ये सफर
मेरा भी हो कोई घर
आवारा ऐ मेरे ...

रात और दिन के, ये दो चेहरे
कब तक पहनु, कुछ तो कह रे
कौन हूँ मैं क्या हूँ
सच हूँ के साया हूँ

आवारा ऐ मेरे ...

Film song

Hoga Tumse Pyar Kaun
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Shailendra Singh
Music Director : R D Burman

Lyrics : Majrooh Sultanpuri
Film : Zamaane Ko Dikhana Hai

होगा तुमसे प्यारा कौन
हम को तो तुम से है, हे कंचन(कांची)प्यार

ऊँचे घरवाली हो, या गलियों की रानी
कोई भी हो तुम रहती हो कहीं
तुमसे बढ़कर यारा कौन
हमको तो तुमसे...

देखो इन आँखों में, ये सूरत है किसकी
इक नजर तो देखो कम से कम
आखिर है हमारा कौन
हमको तो तुमसे...

कहते हो के जाओ, लेकिन बतलाओ
जाएँ भी तो जाएँ हम कहाँ
ऐसा दिल का मारा कौन
हमको तो तुमसे...

Film song

Aa Jane Jaan Aa Mera
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Lata Mangeshkar
Music Director : Laxmikant - Pyarelal

Lyrics :Rajendra Krishan
Film :Inteqam

आ ऽ ऽ जाने जाँ ऽ ऽ आ ऽ ऽ जाने जाँ ऽ ऽ
आ मेरा ये हुस्न जवाँ, जवाँ, जवाँ
तेरे लिये है आस लगाए
ओ ज़ालिम आ जाना
आ ऽ ऽ जाने जाँ ऽ ऽ

2

ओ ऽ ऽ आँख से मस्ती टपके है, टपके है तू देखे ना
दिल का सागर छलके है, छलके है तू क्यूं तरसाए
ओ ज़ालिम आ जाना
आ ऽ ऽ जाने जाँ ऽ ऽ

ओ ऽ ऽ दूर से कितनी आई हूँ , आई हूँ तू जाने ना
प्यार का तोहफा लाई हूँ , लाई हूँ तू माने ना
आ ल ला ऽ ऽ ला बेदर्दी से, तू क्यूं ठुकराए
ओ ज़ालिम आ जाना

आ ऽ ऽ जाने जाँ ऽ ऽ

Film song

Aaja Piya Tohe Pyar

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer: Lata Mangeshkar

Lyrics :Majrooh Sultanpuri

Music Director :R.D.Burman

Film:Baharon ke Sapne

आजा पिया तोहे प्यार दूं
हो गोरी बईयाँ तो पे वार दूं
किसलिए तू इतना उदास
सुखे सुखे होंठ, अखियों में प्यास
किसलिए ऽऽ किसलिए
आजा पिया तोहे ...

2

जल चुके हैं बदन कई पिया इसी रात में
थके हुए इन हाथों को दे दे मेरे हाथ में
ओ ऽऽ सुख मेरा ले ले मैं दुःख तेरे ले लूं ... 2
मैं भी जिऊँ तू भी जीये हो ऽऽ हो ऽऽ
आजा पिया तोहे ...

होने दे रे जो ये जिल्मी हैं पथ तेरे गाँव के
पलकों से चुन डालूंगी मैं काँटे तेरे पाँव के
हो लट बिखराए चुनरिया बिछाए ... 2
बैठी हूँ मैं तेरे लिये हो ऽऽ हो ऽऽ
आजा पिया तोहे ...

अपनी तो जब अखियों से बह चली धार सी
खिल पड़ी वही इक हँसी पिया तेरे प्यार की
ओ ऽऽ मैं जो नहीं हारी सजन ज़रा सोचो ... 2
किसलिए किसलिए हो ऽऽ हो ऽऽ

आजा पिया तोहे ...

Film song

Ab Jo Mile Hain To

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer /Singers : Asha Bhosle

Music Director : R.D.Burman

Lyrics : Majrooh Sultanpuri

Film:Caravan

हा ऽ ऽ हे हे ऽ ऽ तारा तारा, " हाय रे "...6
अब जो मिले हैं तो बाहों को बाहों में रहने दे साजना
सच्ची के झूठे हैं होठों को होठों से कहने दे साजना ना ना } 2
अब जो मिले हैं तो हाय रे, हाय रे, हाय रे साजना ...

यूं ही नशा चढ़ता रहे के तेरा प्यार बढ़ता रहे
ये झूमता साया तेरा तन पे मेरे पड़ता रहे
तू आ गया जो होश में
क्या होगा फिर ये भूल जा ...2, हाय
अब जो मिले हैं तो ...

ओ ऽ ऽ तू है हवा शोला हूँ मैं ...2
मिलके भी जो मिल न सके
बुझ न सके तेरे बिना तेरे बिना जल न सके
मजबूर हूँ तेरी कसम
झूठी नहीं मेरी वफा ...2
अब जो मिले हैं तो मुझको निगाहों में रहने दे साजना
सच्ची के झूठे हैं नैनों से नैनों को कहने दे साजना ना ना

अब जो मिले है तो मुझको निगाहों में...

Film song

Pal Bhar Ke Liye

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer /Singers : Kishore Kumar-Usha Khanna

Lyrics : Indeevar

Music Director : Kalyanji Anandji

Film: Johny Mera Naam

पल भर के लिए कोई हमें प्यार कर ले झूठा ही सही ... 2
दो दिन के लिए कोई इकरार कर ले ... 2 झूठा ही सही
पल भर के लिए ...

हमने बहुत तुझको छुप छुपके देखा ... 2
दिल पे खिंची है तेरे काजल की रेखा
काजल की रेखा बनी लछमन की रेखा ... 2
राम में क्यों तूने रावण को देखा ... 2
खड़े खिड़की पे ... 2 जोगी स्वीकार कर ले
झूठा ही सही
पल भर के लिए ...

धीरे से जड़े तेरे नैन बड़े जिस दिन से लड़े तेरे दर पे पड़े ... 2
सुन सुनकर तेरी नहीं नहीं जाँ, अपनी निकल जाए ना कहीं
ज़रा हाँ कह दे मेरी जाँ कह दे, मेरी जाँ कह दे ज़रा हाँ कह दे
जब रैन पड़े, नहीं चैन पड़े, नहीं चैन पड़े, जब रैन पड़े
माना तू सारे हसीनों से हसीं है ... 2
अपनी भी सूरत बुरी तो नहीं है ... 2
कभी तू भी हमारा दीदार कर ले
झूठा ही सही ...
पल भर के लिए ...

पल भर के प्यार पे निसार सारा जीवन ... 2
हम वो नहीं जो छोड़ दे तेरा दामन
अपने होंठों की हँसी हम तुझको देंगे ... 2
आँसू तेरे अपनी आँखों में लेंगे ... 2
तू हमारी वफ़ा का ऐतबार कर ले ... 2
झूठा ही सही...
पल भर के लिए...

Film song

Dil Mein Tujhe Bitha Ke

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Lata Mangeshkar

Music Director : Ravindra Jain

Lyrics : Ravindra Jain

Film : Fakira

दिल में तुझे बिठा के कर लूँगी मैं बंद आँखें
पूजा करुँगी तेरी हो के करुँगी तेरी ... } 2

मैं ही मैं देखूं तुझे पिया और न देखे कोई ... 2
इक पल भी ये सोच रहे ना किस विधि मिलना होई
सबसे तुझे बचा के कर लूँगी मैं बंद आँखें
पूजा करुँगी तेरी ...

ना कोई बंधन जगत का कोई पहरा ना दीवार ... 2
कोई न जाने दो दीवाने जी भर कर ले प्यार
कदमों में तेरे आ के कर लूँगी मैं बंद आँखें
पूजा करुँगी तेरी ...

तेरा ही मुख देख के पिया रात को मैं सो जाऊँ ... 2
भोर भए जब आँख खुले तो तेरे ही दर्शन पाऊँ
तुझको गले लगा के कर लूँगी मैं बंद आँखें
पूजा करुँगी तेरी ...

दिल में तुझे बिठा के ...

Film song

O Duniya Ke Rakhwale

Swar/Scale :

Taal/ Pattern :

Singer:Mohd.Rafi | Lyrics :Shakeel Budayuni

Music Director :Naushad | Film:Baiju Bawra

भगवान ऽ ऽ भगवान ऽ ऽ भगवान
ओ दुनिया के रखवाले
सुन दर्द भरे मेरे नाले ... 2

आस निराश के दो रंगों से, दुनिया तूने सजाई
नैया संग तूफान बनाया, मिलन के साथ जुदाई
जा देख लिया हरजाई, ओ लुट गई मेरे प्यार की नगरी
अब तो नीर बहा ले ... 2
ओ ऽ ऽ अब तो नीर बहा ले ...
ओ दुनिया के रखवाले ...

आग बनी सावन की बरखा, फूल बने अंगारे
नागन बन गई रात सुहानी पत्थर बन गये तारे
सब टूट चुके हैं सहारे हो जीवन अपना वापस ले ले
जीवन देने वाले, ओ दुनिया के रखवाले ...

चाँद को ढूंढे पागल सूरज, शाम को ढूंढे सवेरा
मैं भी ढूंढूं उस प्रीतम को, हो न सका जो मेरा
भगवान भला हो तेरा, हो किस्मत फूटी आस न टूटी
पाँव में पड़ गये छाले, ओ दुनिया के रखवाले ...
आ ऽ ऽ

महल उदास और गलियाँ सूनी, चुप चुप हैं दीवारें
दिल क्या उजड़ा दुनिया उजड़ी, रूठ गई हैं बहारें
हम जीवन कैसे गुज़ारें, हो मंदिर गिरता फिर बन जाता
आ ऽ ऽ दिल को कौन संभाले
ओ दुनिया के रखवाले ...

Film song

Jaane kya tune Kahi

Swar/Scale :

Taal/ Pattern :

Singer : Geeta Dutt

Lyricist : Sahir Ludhianvi

Music Director : S.D.Burman

Film: Pyaasa

जाने क्या तूने कही, जाने क्या मैंने सुनी
बात कुछ बन ही गई
जाने क्या...

सनसनाहट सी हुई, थरथराहट सी हुई
जाग उठे ख्वाब कई
बात कुछ बन ही गई
जाने क्या...

नैंन झूक झूक के उठे, पाँव रूक रूक के उठे
आ गई चाल नई
बात कुछ बन ही गई
जाने क्या...

जुल्फ़ शाने पे मुड़ी एक खूशबू सी उड़ी
खुल गये राज़ कई
बात कुछ बन ही गई

जाने क्या...

Film song

Is Duniya Mein Jeena

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Lata Mangeshkar
Music Director : Shankar-Jaikishan

Lyrics : Harsat
Film : Gumnaam

ओ इस दुनिया में जीना हो तो सुन लो मेरी बात
इस दुनिया में जीना हो तो सुन लो मेरी बात
ग़म छोड़ के मनाओ रंग रेली
और मान लो जो कहे किटी केली.....

जीना उसक जीना है जो हँसते गाते जीले
जुल्फ़ों की घनघोर घटा में नैन के सागर पीले } 2
जो केहना है आज करलो कल को किसने
आई हैं रंगीन बहारें लेकर दिन रंगीले
ओ इस दुनिया में जीना हो तो सुन लो मेरी बात.....

मैं अलबेली चिंगारी हूँ नाचूँ और लहराऊँ
दामन दामन फूल खिलाऊँ और ख़ुशियाँ बरसाऊँ } 2
दुनिया वालों तुम क्या जानो जीने की ये बातें
आओ मेरी महफ़िल में मैं ये दो बातें समझाऊँ
ओ इस दुनिया में जीना हो तो सुन लो मेरी बात.....

जो भी होगा हम देखेंगे, ग़म से क्यूँ घबराएँ
इस दुनियाँ के बाग़ में लाखों पंछी आएँ जाएँ } 2
ऐश के बन्दों ऐश करो तुम छोडो ये ख़मोशी
लोग वही जो ज़िन्दा दिल है कर बैठे जो चाहें

ओ इस दुनिया में जीना हो तो सुन लो मेरी बात
इस दुनिया में जीना हो तो सुन लो मेरी बात
ग़म छोड़ के मनाओ रंग रेली
और मान लो जो कहे किटी केली.....

Film song

Laila Main Laila
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Amit Kumar - Kanchan
Music Director : Kalyanji-Anandji

Lyrics : Faruk Kaisar
Film : Qurbani

लैला मैं लैला, ऐसी हूँ लैला
हर कोई चाहे मुझसे मिलना अकेला } 2
जिसको भी देखूँ दुनिया भुला दूँ
मजनू बना दूँ ऐसी मैं लैला

लैला ओ लैला लैला, ऐसी तू लैला
हर कोई चाहे तुझसे मिलना अकेला

ओ मोहब्बत का जिसको तरीक़ा ना आया
उसे ज़िंदगी का सलीक़ा न आया
राह-ए-वफ़ा में जाँ पर जो खेला
उसके लिये है ये हसीनों का मेला
लैला मैं लैला ऐसी हूँ लैला
हर कोई चाहे मुझसे मिलना अकेला

ओ लैला, अ ह, अ ह, अ ह
गुल्लु गुल्लु, गुल्लु गुल्लु...

मुझे देखकर जो ना देखे किसी को
मेरे वास्ते जो मिटा दे खुदी को
उसी दीवाने की बनूँगी मैं लैला
उसे प्यार दूँगी मैं पहला पहला
लैला मैं लैला ऐसी हूँ लैला
हर कोई चाहे मुझसे मिलना अकेला
लैला ओ लैला लैला ऐसी तू लैला
हर कोई चाहे तुझसे मिलना अकेला
लैला ओ लैला लैला, ऐसी तू लैला
हर कोई चाहे तुझसे मिलना अकेला
ला ल ल..

Film song

Kahe Jhoom Jhoom
Swar/Scale :
Taal/ Pattern :

Singer /Singers: Lata Mangeshkar
Music Director : Shankar Jaikishan

Lyrics : Shailendra
Film : Love Marriage

कहे झूम-झूम रात ये सुहानी ... 2
पिया हौले से छेड़ो दोबारा
वही कल की रसीली कहानी
कहे झूम-झूम रात ... 2

सुन के जिसे, दिल मेरा धड़का ... 2
लाज के सर से आँचल सरका
रात ने ऐसा जादू फेरा
और ही निकला रंग सहर का
कहे झूम-झूम रात ...

मस्ती भरी, ये ख़ामोशी ... 2
चुप हूँ खड़ी देखो मैं खोई सी
देख रही हूँ मैं एक सपना
कुछ जागी सी, कुछ सोई सी
कहे झूम-झूम रात...

तन भी तुम्हारा, मन भी तुम्हारा ... 2
तुमसे ही बालम जग उजियारा
रोम-रोम मेरा आज मनाए
छूटे कभी ना साथ हमारा
कहे झूम-झूम रात...

Hoon Abhi Main Jawan

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer:Geeta Dutt

Lyrics :Majrooh Sultanpuri

Music Director :O.P.Nayyar

Film:Aar Par

हूँ अभी मैं जवाँ ऐ दिल, हूँ अभी मैं जवाँ
बेहोश हूँ बिन पीये, कल का भी ग़म किसलिये ... 2
हूँ अभी मैं जवाँ ऐ दिल, हूँ अभी मैं, हूँ अभी मैं
हूँ अभी मैं जवाँ ...

दुनिया का क्या ऐतबार, खोना ना अपना करार ... 2
चुनले मुरादों के फूल, बीते ना यूं ही बहार ... 2
ताक में है खिज़ा ऐ दिल, हूँ अभी मैं, हूँ अभी मैं
हूँ अभी मैं जवाँ ...

देखी है ये ज़िन्दगी, यूं ही नहीं बेखुदी ... 2
मुझको बहक जाने दे, बातें न कर होश की ... 2
होश कैसा यहाँ ऐ दिल, हूँ अभी मैं जवाँ ऐ दिल
हूँ अभी मैं जवाँ ...

हूँ अभी मैं जवाँ ऐ दिल ...

Film song

Tum Mujhe Yun Bhula

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer: Mohd.Rafi

Lyrics : Hasrat Jaipuri

Music Director : Shankar-Jaikishan

Film: Pagla Kahin Ka

तुम मुझे यूं भुला न पाओगे ... 2
जब कभी भी सुनोगे गीत मेरे
संग संग तुम भी गुनगुनाओगे
हाँ तुम मुझे यूं भुला न पाओगे
हो तुम मुझे यूं ...

वो बहारें वो चांदनी रातें
हमने की थी जो प्यार की बातें } 2
उन नज़ारों की याद आयेगी
जब खयालों में मुझको लाओगे
हाँ तुम मुझे यूं भुला ...

मेरे हाथों में तेरा चेहरा था
जैसे कोई गुलाब होता है } 2
और सहारा लिया था बाहों का
वो समां किस तरह भुलाओगे
हाँ तुम मुझे यूं भुला ...

मुझको देखे बिना क़रार न था
एक ऐसा भी दौर गुज़रा है } 2
झूठ मानो तो पूछ लो दिल से
मैं कहूंगा तो रूठ जाओगे
हाँ तुम मुझे यूं भुला ...

Film song

Aa Naina Barse

Swar/Scale :

Taal/ Pattern :

Singer:Lata Mangeshkar

Lyrics :Raja Mehndi Ali Khan

Music Director :Madan Mohan

Film:Who kaun thi

आ ऽ ऽ नैना बरसे ऽ ऽ रिमझिम रिमझिम ऽ ऽ
नैना बरसे रिमझिम रिमझिम
पिया तोरे आवन की आस
नैना बरसे रिमझिम रिमझिम , नैना बरसे...

वो दिन मेरी निगाहों में , वो यादें मेरी आहों में... 2
ये दिल अब तक भटकता है, तेरि उल्फत की राहों में
सूनी सूनी राहें , सहमी सहमी बाहें
आँखों में है बरसों की प्यास, नैना बरसे...

नज़र तुझ बिान मचलती है, मुहब्बत हाथ मलती है... 2
चला आ मेरे परवाने, वफा की शम्मा जलती है
ओ मेरे हमराही, फिरति हूँ घबराई
जहाँ भी है आजा मेरे पास, नैना बरसे...

अधूरा हूँ मैं अफसाना, जो याद आऊँ चले आना... 2
मेरा जो हाल है तुझ बिन , वो आकर देखते जाना
भीगी भीगी पलकें, छम छम आँसू छलके
खोई खोई आँखें है उदास, नैना बरसे...

ये लाखों ग़म ये तनहाई, मुहब्बत की ये रूसवाई... 2
कटीं ऐसी कई रातें , ना तुम आये ना मौत आई
ये बिंदिया का तारा, जैसे हो अंगारा
मेहंदी मेरे हाथों की उदास
नैना बरसे...

Film song

Dil ka bhanwar kare

Swar/Scale :

Taal/ Pattern :

Singer :Mohd.Rafi

Lyrics :Hasrat Jaipuri

Music Director :S.D.Burman

Film:Tere Ghar ke Saamne

दिल का भँवर करे पुकार
प्यार का राग सुनो , प्यार का राग सुनो

फूल तुम गुलाब का, क्या जवाब आपका
जो अदा है ओ बहार है
आज दिल की बेकली, आ गई जुबान पर
बात ये है तुमसे प्यार है
दिल तुम्हीं को दिया रे... प्यार का राग...

चाहे तुम मिटाना, पर ना तुम गिराना
आँसू की तराह निगाह से
प्यार की ऊँचाई, इश्क की गहराई
पूछ लो हमारी आह से
आसमाँ छू लिया रे... प्यार का राग...

इस हसीन उतार पे, हम ना बैठे हार के
साया बनके साथ हम चले
आज मेरे संग तू गूंजे दिल की आरजू
तुमसे मेरी आँख जब मिले
जाने क्या कर दिया रे.. प्यार का राग...

दिल का भँवर करे पुकार
प्यार का राग...

Film song

Zulmi Sang Aankh

Swar/Scale :

Taal/ Pattern :

Singer : Lata Mangeshkar

Lyrics : Shailendra

Music Director : Saleel Chowdhury

Film: Madhumathi

जुल्मी संग आँख लड़ी रे ... 2
जुल्मी संग आँख लड़ी रे ... 2
सखी मैं का से कहुँ री
ए सखी का से कहुँ
जाने कैसी ये रात बड़ी
जुल्मी संग आँख लड़ी रे
जुल्मी संग आँख लड़ी रे ... 2

वो छुप-छुप के बन्सरी बजाये
वो छुप-छुप के बन्सरी बजाये
वो छुप-छुप के बन्सरी बजाये
सुनाये मोहर मस्ती में डूबा हुआ राग रे
मोहे तारों की छाँव में बुलाये
चुराए मेरी निंदिया, मैं रह जाऊँ जाग रे
लगे दिन छोटा, रात बड़ी
जुल्मी संग आँख लड़ी रे
जुल्मी संग आँख लड़ी रे ... 2

बातों-बातों में रोग बढ़ा जाये
बातों-बातों में रोग बढ़ा जाये
बातों-बातों में रोग बढ़ा जाये
हमारा जिया तड़पे किसी के लिए शाम से
मेरा पागलपना तो कोई देखो
पुकारूँ में चंदा को साजन के नाम से
फिरी मन पे जादू की छड़ी
जुल्मी संग आँख लड़ी रे
जुल्मी संग आँख लड़ी रे ... 2

Film song

Dum Dum Diga Diga
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Mukesh
Music Director: Kalyanji - Anandji

Lyrics:Qamar Jalalabadi
Film: Chhalia

डम डम डिगा डिगा, मौसम भीगा भीगा
बिन पीये मैं तो गिरा, मैं तो गिर, मैं तो गिरा
हाय अल्लाह, सूरत आपकी सुभान अल्लाह ... 2 } 2

तेरी अदा वाह वाह क्या बात है, हाय तेरी अदा
अरे तेरी अदा वाह वाह क्या बात है
अखियाँ झूकी झूकी, बातें रुकी रुकी ... 2
देखो कोई रे आज लूट गया
हाय अल्लाह, सूरत आपकी सुभान अल्लाह ... 2
डम डम डिगा डिगा ...

सनम हम माना गरीब हैं हाय सनम हम
एजी सनम हम माना गरीब हैं
नसीबा खोटा सही, बन्दा छोटा सही ... 2
दिल ये खज़ाना है प्यार का
हाय अल्लाह, सूरत आपकी सुभान अल्लाह ... 2
डम डम डिगा डिगा ...

तेरी कसम तू मेरी जान है हाय तेरी कसम
तेरी कसम तू मेरी जान है
मुखड़ा भोला भाला, उस पे डाका डाला ... 2
जाने तू कैसी मेहमान है
हाय अल्लाह, सूरत आपकी सुभान अल्लाह

डम डम डिगा डिगा ...

Film song

Ang Lag Ja Balma
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Asha Bhosle
Music Director: Shankar Jaikishan

Lyrics: Shailendra
Film: Mera Naam Joker

कारे-कारे बदरा, सूनी-सूनी रतियाँ, सजना
बिजुरी जो चमके धड़क जाए छतिया, सजना
मैं अकेली, पिया, ललचे मोरा जिया
ऐसे में तू ना जा
अँग लग जा, बालमा
हाय, मोरे अँग लग जा, बालमा
मैं अकेली, पिया, ललचे मोरा जिया
ऐसे में तू ना जा
मोरे अँग लग जा, बालमा
हाय, मोरे अँग लग जा, बालमा

बरखा ने छेड़े ऐसे सुर मस्ताने
घड़ी-घड़ी तन मोरा लगा बलखाने
घड़ी-घड़ी तन मोरा लगा बलखाने, लगा बलखाने
मुझे ये क्या हो गया, बालमा
हाय, मोरे अँग लग जा, बालमा
हो, मैं अकेली, पिया, ललचे मोरा जिया
ऐसे में तू ना जा
मोरे अँग लग जा, बालमा
मोरे अँग लग जा, बालमा

आज हवाएँ मोसे करे जोरा-जोरी
उड़ जाना चाहे लेके साड़ी को मोरी
उड़ जाना चाहे लेके साड़ी को मोरी, साड़ी को मोरी
इन हवाओं से बचा, बालमा
हाय, मोरे अँग लग जा, बालमा
मैं अकेली, पिया, ललचे मोरा जिया
ऐसे में तू ना जा
मोरे अँग लग जा, बालमा
हाय, मोरे अँग लग जा, बालमा

पगला ये मन मोरा बस में ना आए
हाथ छुड़ा के पापी जहाँ-तहाँ जाए
हाथ छुड़ा के पापी जहाँ-तहाँ जाए, जहाँ-तहाँ जाए
इसे तू ही समझा, बालमा
हाय, मोरे अँग लग जा, बालमा
मैं अकेली, पिया, ललचे मोरा जिया
ऐसे में तू ना जा
मोरे अँग लग जा, बालमा
मोरे अँग लग जा, बालमा

कारे-कारे बदरा, सूनी-सूनी रतियाँ, सजना
बिजुरी जो चमके धड़क जाए छतिया, सजना
हो, मैं अकेली, पिया, ललचे मोरा जिया
ऐसे में तू ना जा
मोरे अँग लग जा, बालमा
मोरे अँग लग जा, बालमा
अँग लग जा, बालमा

Film song

Jaago Mohan Pyare

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Lata Mangeshkar & Chorus
Music Director : Salil Chaudhary

Lyrics : Shailendra
Film : Jaagte Raho

जागो ऽ ऽ Ch जागो ऽ ऽ जागो
जग उजियारा छाये, मन अंधेरा जाये
किरणों की रानी गाये, जागो हे मेरे मन मोहन प्यारे ऽ ऽ

Ch जागी रे जागी रे जागी कलियाँ जागी
नगर नगर सब गलियाँ जागी
जागी रे जागी रे जागी रे, जागी रे जागी रे जग जग
जागो मोहन प्यारे जागो ... 2 } 2
नवयुग चूमें नैन तिहारे
जागो जागो मोहन प्यारे ऽ ऽ

Ch जागी रे जागी रे जागी कलियाँ जागी, नगर नगर सब गलियाँ जागी
जागी रे जागी रे जागी रे, जागी रे जागी रे जग जग ... } 2

F जिसने मन का दीप जलाया
दुनिया को उसने ही उजला पाया } 2
मत रहना अखियों के सहारे
जागो मोहन प्यारे ...

Ch जागी रे जागी रे जागी कलियाँ जागी ...

F किरन परी गगरी छलकाये
ज्योत का प्यासा प्यास बुझाये } 2
फूल बने मन के अंगारे
जागो मोहन प्यारे ...

Ch जागी रे जागी रे जागी कलियाँ जागी ...

भीगी भीगी अखियों से मुस्काये
ये नई भोर तोहे अंग लगाये
बाहें फैलाये ओ दुखियारी ...
जागो मोहन प्यारे ...
आ ऽ ऽ हो ऽ ऽ जागो ऽ ऽ

Film song

Woh Chand Khila
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Lata Mangeshkar-Mukesh
Music Director : Shankar Jaikishan

Lyrics : Hasrat Jaipuri
Film : Anari

वो चाँद खिला वो तारे हँसे ये रात अजब मतवारी है ... 2
समझने वाले समझ गये हैं, ना समझे
ना समझे वो अनाड़ी हैं
वो चाँद खिला ...

[चाँदी की चमकती राहें
वो देखो झूम झूम के बुलाये ... 2]
किरणों ने पसारी बाहें
के अरमां नाच नाच लहराये
[बाजे दिल के तार, गाये ये बहार,
उभरे हैं प्यार जीवन में ... 2]
वो चाँद खिला ...

[किरणों ने चुनरीया तानी
बहारें किस पे आज हैं दीवानी ... 2]
चंदा की चाल मस्तानी
हैं पागल जिस पे रात की रानी
[तारों का जाल ले ले दिल निकाल
पूछो ना हाल मेरे दिल का ... 2]
वो चाँद खिला ...

Film song

Hum Tere Pyar Main

Swar/Scale :
Taal/ Pattern :

Singer:Lata Mangeshkar
Music Director :Shankar - Jaikishan

Lyrics : Hasrat Jaipuri
Film: Dil ek Mandir

हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे हैं खो बैठे
तुम कहते हो के ऐसे प्यार को भूल जाओ, भूल जाओ } 2
हम तेरे प्यार में सारा आलम ...

पंछी से छुड़ाकर उसका घर, तुम अपने घर पर ले आए
ये प्यार का पिंजरा मन भाया, हम जी भर भरकर मुस्काए
जब प्यार हुआ इस पिंजरे से, तुम कहने लगे आज़ाद रहो
हम कैसे भूलाएं प्यार तेरा, तुम अपनी जुबाँ से ये न कहो
अब तुमसा जहाँ में कोई नहीं है हम तो तुम्हारे हो बैठे
तुम कहते हो के ऐसे प्यार को भूल जाओ, भूल जाओ
हम तेरे प्यार में सारा आलम ...

इक तेरे चरण की धूल से हमने, अपनी जीवन माँग भरी
जब ही तो सुहागन कहलाई, दुनिया की नज़र में प्यार बनी
तुम प्यार की सुंदर मूरत हो, और प्यार हमारी पूजा है
अब इन चरणों में दम निकले, बस इतनी और तमन्ना है
हम प्यार में गंगाजल से बलमजी तनमन अपना धो बैठे
तुम कहते हो के ऐसे प्यार को भूल जाओ, भूल जाओ
हम तेरे प्यार में सारा आलम ...

सपनो का दर्पण देखा था, सपनो का दर्पण तोड़ दिया
ये प्यार का आँचल हमने तो, दामन से तुम्हारे बाँध लिया
ये ऐसी गाँठ है उल्फत की, जिसको न कोई भी खोल सका
तुम आन बसे जब इस दिल में, दिल फिर तो कहीं ना डोल सका
ओ प्यार के सागर हम तेरी लहरों में नाँव डूबो बैठे
तुम कहते हो के ऐसे प्यार को भूल जाओ, भूल जाओ
हम तेरे प्यार में सारा आलम ...

Film song

Tum Pukar Lo

Swar/Scale :
Taal/ Pattern :

Singer: Hemant Kumar
Music Director : Hemant Kumar

Lyrics : Gulzar
Film:Khamoshi

तुम पुकार लो, तुम्हारा इन्तज़ार है
ख़्वाब चुन रही है रात बेक़रार है
तुम्हारा इन्तज़ार है
तुम पुकार लो

[होंठ पे लिये हुए दिल की बात हम
जागते रहेंगे और कितनी रात हम ... 2]
मुख़्तसर सी बात है, तुमसे प्यार है
तुम्हारा इन्तज़ार है...

[दिल बहल तो जायेगा इस ख़याल से
हाल मिल गया तुम्हारा अपने हाल से ... 2]
रात ये क़रार की, बेक़रार है
तुम्हारा इन्तज़ार है...

Film song

Jeena yahan marna
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer: **Mukesh**
Music Director :**Shankar - Jaikishan**

Lyrics :**Shaili Shailendra**
Film:**Mera Naam Joker**

जीना यहाँ मरना यहाँ, इसके सिवा जाना कहाँ ... 2
जी चाहे जब हमको आवाज़ दो, हम हैं वहीं हम थे जहाँ
अपने यहीं दोनों जहाँ, इसके सिवा जाना कहाँ ...

ये मेरा गीत जीवन संगीत
कल भी कोई दोहराएगा } 2
जग को हँसाने बहरुपिया
रूप बदल फिर आएगा
स्वर्ग यहीं नर्क यहाँ
इसके सिवा जाना कहाँ
जी चाहे जब हमको आवाज़ दो, हम हैं वहीं हम थे जहाँ
अपने यहीं दोनों जहाँ, इसके सिवा जाना कहाँ ...

कल खेल में हम हों न हों
गर्दिश में तारे रहेंगे सदा } 2
भूलोगे तुम भूलेंगे वो
पर हम तुम्हारे रहेंगे सदा
रहेंगे यहीं अपने निशां
इसके सिवा जाना कहाँ
जी चाहे जब हमको आवाज़ दो, हम हैं वहीं हम थे जहाँ
अपने यहीं दोनों जहाँ, इसके सिवा जाना कहाँ ...
जीना यहाँ मरना यहाँ... इसके सिवा जाना कहाँ ...

Film song **Naino Mein Badra Chhaye**

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Lata Mangeshkar
Music Director : Madan Mohan

Lyrics : Raja Mehndi Ali Khan
Film :Mera Saaya

नैनों में बदरा छाए
बिजली सी चमके हाय
ऐसे में बलम मोहे
गरवा लगा ले
नैनों में बदरा छाए ...

मदिरा में डूबी अखियाँ
चंचल हैं दोनों सखियाँ
छलती रहेंगी तोहे
पलकों की प्यारी बतियाँ
शरमा के देंगी तोहे मदिरा के प्याले
नैनों में बदरा छाए ...

आ आ
प्रेम दीवानी हूँ मैं
सपनों की रानी हूँ मैं, प्रेम दीवानी
प्रेम दीवानी हूँ मैं सपनो की रानी हूँ मैं
पिछले जनम से तेरी
प्रेम कहानी हूँ मैं
आ इस जनम में भी तू अपना बना ले

नैनों में बदरा छाए ...

Film song

Zindagi ittefaq hai
Swar/Scale : F#m
Taal/ Pattern :

Singer :Asha Bhosle
Music Director :Ravi

Lyrics : Sahir Ludhianvi
Film:Aadmi Aur Insaan

ज़िन्दगी इत्तेफाक़ है, ज़िन्दगी इत्तेफाक़ है
कल भी इत्तेफाक़ थी, आज भी इत्तेफाक़ है
ज़िन्दगी इत्तेफाक़ है...

जाम पकड़ बढ़ा के हाथ, मांग दुआ घटे ना रात
जानेवफा तेरी कसम, कहते हैं दिल की बात हम
गर कोई मेल हो सके, आँखों का खेल हो सके
अपने को खुशनसीब जान, वक्त को मेहरबान मान
मिलते हैं दिल कभी कभी, वरना हैं अजनबी सभी
मेरे हमदम मेरे मेहरूबाँ
हर खुशी इत्तेफाक़ है, हर खुशी इत्तेफाक़ है
कल भी इत्तेफाक़ थी, आज भी इत्तेफाक़ है
ज़िन्दगी इत्तेफाक़ है...

हुस्न है और शबाब है, ज़िन्दगी कामयाब है
बज़्म यूं ही खिली रहे, अपनी नज़र मिली रहे
रंग यूं ही जमा रहे, वक्त यूं ही थमा रहे
साज की लय पे झूम ले, जुल्फ़ के ख़म को चुम ले
मेरे किये से कुछ नहीं, तेरे किये से कुछ नहीं
मेरे हमदम मेरे मेहरबाँ
ये सभी इत्तेफाक़ , ये सभी इत्तेफाक़
कल भी इत्तेफाक़ थी, आज भी इत्तेफाक़ है

ज़िन्दगी इत्तेफाक़ है...

Film song

Hume Aur Jeene Ki

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Kishore Kumar
Music Director : Gulshan Bawra

Lyrics : Gulshan Bawra
Film : Agar Tum Na Hote

हमें और जीने की चाहत न होती ... 2
अगर तुम न होते, अगर तुम न होते] 2

तुम्हें देख के तो लगता है ऐसे
बहारों का मौसम आया हो जैसे] 2
दिखाई न देती अंधेरों में ज्योति
अगर तुम न होते, अगर तुम न होते
हमें और जीने की ...

हमें जो तुम्हारा सहारा न मिलता
भँवर में ही रहते किनारा न मिलता] 2
किनारे पे भी तो लहर आ डूबोती
अगर तुम न होते, अगर तुम न होते

हमें और जीने की ...

Film song

Mujhe Tum Mil Gaye Humdum
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers:Lata Mangeshkar
Music Director :Shankar-Jaikishan

Lyrics :Hasrat Jaipuri
Film :Love In Tokyo

मुझे तुम मिल गए हमदम
सहारा हो तो ऐसा हो
जिधर देखूँ, उधर तुम हो, नज़ारा हो तो ऐसा हो } 2
मुझे तुम ...

किसी का चाँद सा, चेहरा नज़र से चूम लेती हूँ ... 2
खुशी की इंतहा ये है नशे में झूम लेती हूँ
नशे में झूम लेती हूँ
हुई तकदीर भी रोशन सितारा हो तो ऐसा हो
जिघर देखूँ, उधर तुम हो, नज़ारा हो तो ऐसा हो
मुझे तुम ...

मेरी आँखें में आँसू हैं मगर आँसू खुशी के हैं ... 2
किसे छोड़ूँ किसे पा लूं, ये रिश्ते ज़िन्दगी के हैं
ये रिश्ते ज़िन्दगी के हैं
हमें तो नाज़ है तुम पर हमारा हो तो ऐसा हो
जिधर देखूँ, उधर तुम हो, नज़ारा हो तो ऐसा हो
मुझे तुम ...

उधर दिल है इघर जाँ है अजब मुश्किल का सामाँ है ... 2
लबों पर मुस्कुराहट है मगर साँसों में तूफाँ है
मगर साँसों में तूफाँ है
ये मैं जानूँ या तुम जानों इशारा हो तो ऐसा हो
जिधर देखूँ, उधर तुम हो, नज़ारा हो तो ऐसा हो
मुझे तुम ...

Film song

Ka karun Sajani

Swar/Scale :

Taal/ Pattern :

Singer: Yesudas

Music Director : Rajesh Roshan

Lyrics : Amit Khanna

Film:Swami

का करूं सजनी ऽ ऽ आए न बालम ... 2
खोज रही है पिया परदेसी अखियाँ ... 2
आए न बालम
का करूं सजनी ...

जब भी कोई आहट होए मनवा मोरा भागे
देखो कहीं टूटे नहीं प्रेम के ये धागे
है मतवारी प्रीत हमारी छुपे ना छुपाए छुपे ना छुपाए
सावन हो तुम मैं हूँ तोरी बदरिया
आए न बालम
का करूं सजनी ...

हो ऽ ऽ भोर भई और सांझढली रे
समय ने ली अंगड़ाई
ये जग सारा नींद से हारा
मोहे नींद न आई
हो मैं घबराऊँ डर डर जाऊँ
आए वो न आए आए वो न आए
राधा बुलाए कहाँ खोए हो कन्हैया
आए न बालम

का करूं सजनी ...

Film song

Kuhu Kuhu Bole
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Rafi-Lata
Music Director : Aadi Narayan Rao

Lyrics : Bharat Vyas
Film : Swarna Sundari

F आ ऽ ऽ
कुहू कुहू बोले कोयालिया ... 2
कुंज कुंज में भँवरे डोले, गुनगुन बोले आ ऽ ऽ
कुहू कुहू बोले कोयालिया ...

F सज सिंगार ऋतु आई बसंती ... 2
M आ ऽ ऽ जैसे नार कोई हो रसवंती
F सांनिधमधनिसां M गमगमधनिसां
MF रें–सांनिधनि सांरेंसांनि, सांरेंसांनि
धनिनि धनिनि धनि मधध मधध मध गरे गम धनिसां
F सज सिंगार ऋतु आई बसंती
M जैसे नार कोई हो रसवंती
MF डाली डाली कलियों को तितलियाँ चुमें
फूल फूल पंखड़ियाँ खोले, अमृत धोले आ ऽ ऽ
F कुहू कुहू बोले कोयालिया ...

F काहे, काहे घटा में बिजली चमके ... 2
M हो सकता है मेघराज ने बादरिया का
श्याम श्याम मुख चुम लिया हो] 2
MF चोरी चोरी मन पंखी उड़े, नैना जुड़े आ ऽ ऽ
F कुहू कुहू बोले कोयालिया ...

F आ ऽ ऽ चंद्रिका देख छाई
पिया चंद्रिका देख छाई
M चंदा से मिलके मन ही मन में मुस्काई
छाई चंद्रिका देख छाई
F शरत् सुहावन मधुमन भावन् ... 2
M विरही जनों का सुख सर सावन ... 2
MF छाई छाई पूनम की घटा, घुंघट हटा आ ऽ ऽ
F कुहू कुहू बोले कोयालिया ...

M आ ऽ ऽ तरस रात मन भाए प्रियतमा
कमल कमलनी मिले] 2
तरस रात मन भाए प्रियतमा कमल कमलनी मिले

F किरण हार दमके जल में चाँद चमके
मन सानंद आनंद डोले

MF मन सानंद आनंद डोले
निरेगमधनिसां, धनिसां
सां नि सां गं रें गं सां रें नि सां
ध नि म ध नि सां
निरें निरें धनि धनि
मध मध गम गम
गमधनिसां, गमधनिसां, धनिसा

Film song

Sapna Mera Toot Gaya
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers : Asha Bhosle-Rahuldeo Burman
Music Director : R D Burman
Lyrics : Gulshan Bawra
Film : Khel Khel Mein

सपना मेरा टूट गया तू ना रहा कुछ ना रहा
सपना मेरा टूट गया अरे तू ना रहा कुछ ना रहा
रोटी हुई यादे मिली बस और मुझे कुछ ना मिला

आजा मेरी बाहो में आ प्यार भरी रहो मैं आ
सुन ले मचलते हुए दिल की सदा रे दिल की सदा
दिल कह रहा है तेरा साथ है ये तेरा मेरा
अब जिंदगी में कभी हो ना जुदा रे हो ना जुदा
सपना मेरा टूट गया अरे तू ना रहा कुछ ना रहा
रोटी हुई यादे मिली बस और मुझे कुछ ना मिला

शर्मना छोड़ दे तू घबराना छोड़ दे तू
आज तो बुझा दे मेरे दिल की लगी रे दिल की लगी
हम तो है जीवन साथी मैंने कहा तू है बाती
प्यार में यू जलने का है नाम जिंदगी रे नाम जिंदगी
सपना मेरा टूट गया तू ना रहेगा कुछ ना रहा

Film song

Main Pyar Ka Rahi
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers : Asha Bhosle-Moh.Rafi
Music Director : O P Nayyar

Lyrics : Raja Mehdi Ali Khan
Film : Ek Musafir Ek Hasina

मैं प्यार का राही हूँ तेरी ज़ुल्फ के साए में
कुछ देर ठहर जाऊँ
तुम एक मुसाफिर हो कब छोड़ के चल दोगे
ये सोच के घबराऊँ
मैं प्यार का राही हूँ

तेरे बीन जी लगे ना अकेले
हो सके तो मुझे साथ ले ले
[नाज़नीं तू नहीं जा सकेगी
छोड़कर जिन्दगी के झमेले ... 2]
जब भी छाये घटा याद करना ज़रा
सात रंगों की हूँ मैं कहानी
मैं प्यार का राही हूँ ...

प्यार की बिजलियाँ मुस्कुराये
देखिये आप पर गिर ना जाएँ
[दिल कहे देखता ही रहूँ मैं
सामने बैठकर ये अदाएं ... 2]
ना मैं हूँ नाज़नीं, ना मैं हूँ माजबी
आप ही की नजर हैं दीवानी
मैं प्यार का राही हूँ

Film song

Aaj Madhosh Huye Jaye

Swar/Scale :

Taal/ Pattern :

Singers :Kishore – Lata .

Music Director :S.D.Burman

Lyrics :Neeraj

Film :Sharmilee

F : आज मदहोश हुआ जाए रे ऽ ऽ जाए रे ऽ ऽ जाए रे ऽ ऽ
आज मदहोश हुआ जाए रे मेरा मन मेरा मन मेरा मन
बिना ही बात मुस्कुराए रे मेरा मन मेरा मन मेरा मन
आज मदहोश हुआ जाए रे. . .

F : ओ री काली सजा ती डोली, ओ री लहर पहना तू पायल
ओ री नदी दिखा तू दर्पण, ओ री किरण ओढ़ा तू आँचल
एक जोगन है बनी आज दुल्हन हो ऽ ऽ
आ उड़ जाए कहीं बनके पवन हो ऽ ऽ
आज मदहोश हुआ जाए रे मेरा मन मेरा मन मेरा मन
M : शरारत करने को ललचाए रे मेरा मन मेरा मन मेरा मन. . .

M : ए यहाँ हमें ज़माना देखे F : तो
M : आओ चलो कहीं छुप जाएं F : अच्छा
यहाँ हमें ज़माना देखे आओ चलो कहीं छुप जाएं
भीगा भीगा नशीला दिन है कैसे कहो प्यासे रह पाएं
तू मेरी मैं हू तेरा तेरी कसम हो ऽ ऽ
F : मै तेरी तू है मेरा मेरी कसम हो ऽ ऽ
आज मदहोश हुआ जाए रे मेरा मन मेरा मन मेरा मन
शरारत करने को ललचाए रे मेरा मन मेरा मन मेरा मन. . .

F : रोम रोम बहे सुर धारा अंग अंग बजे शहनाई. . . 2
जीवन सारा मिला एक पल में, जाने कैसी घड़ी ये आई
छु लिया आज मैंने सारा गगन हो ऽ ऽ
नाचे मन आज मोरा छुम छननन हो ऽ ऽ
आज मदहोश हुआ जाए रे. . .

Film song

Woh Hai Zara Khafa

Swar/Scale :

Taal/ Pattern :

Singers : Lata Mangeshkar-Mohd.rafi

Music Director: Laxmikant Pyarelal

Lyrics : Majrooh Sultanpuri

Film : Shagird

[वो हैं ज़रा खफा ख़फा
तो नैन यूँ चुराए हैं के हो … 2]
ना बोल दूँ तो क्या करूँ
वो हँस के यूँ बुलाए हैं के हो

हँस रही है चांदनी मचल के रो ना दूँ कहीं
ऐसे कोई रूठता नहीं
ये तेरा ख़याल है करीब आ मेरे हसीं
मुझको तुझसे कुछ गिला नहीं
बात यूँ बनाए हैं के हो
वो हैं ज़रा खफा ख़फा …

फूल को महक मिले ये रात रंग में ढले
मुझसे तेरी जुल्फ गर खुले
तुम ही मेरे संग हो गगन की छाँव के तले
ये रुत यूँ ही भोर तक चले
प्यार यूँ जताए हैं के हो

ऐसे मत सताइए ज़रा तरस तो खाइए
दिल की धड़कन मत जगाइए
कुछ नहीं कहूँगा मैं
ना अन्खड़ियाँ झुकाइए
सर को काँधे से उठाइये
ऐसे नींद आये है के
हो वो हैं ज़रा खफा ख़फा …

Film song

Gun Guna Rahen Hain

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer: Rafi – Asha Bhosle

Lyrics :Anand Bakshi

Music Director :S.D.Burman

Film: Aradhana

M : आ आ ऽ ऽ ओ ओ
M : गुन गुना रहे हैं भँवरे
खिल रही है कली कली } 2
F : गली गली ऽ ऽ कली कली ऽ ऽ
F : गुन गुना रहें हैं भँवरे . . .

F : ज़रा देखो सजन बेईमान भँवरा कैसे मुस्काए
M : हाय कली यूं शरमाए घूंघट में गोरी जैसे छूप जाए हाय } 2
F : रूत ऐसी हाय कैसी ये पवन चली गली गली
गुन गुना रहें हैं भँवरे . . .

M : किसी को क्या कहें हम दोनों भी हैं देखो कुछ खोये
F : होय हुआ क्या ओय ओय जागे जिया में अरमान सोये सोये } 2
M : रूत ऐसी हाय कैसी ये पवन चली गली गली
गुन गुना रहें हैं भँवरे . . .

F : सुनो पास ना आओ कली के बहने प्यार ना जताओ
M : जाओ चलो बात ना बनाओ भँवरे के बहाने आँख ना लड़ाओ } 2
F : रूत ऐसी हाय कैसी ये पवन चली गली गली

M : गुन गुना रहें हैं भँवरे . . .

Film song

Yaad Mein Teri Jaag Jaag

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer:Rafi-Lata Mangeshkar | Lyrics :Shakeel Badayuni

Music Director :Naushad | Film :Mere Mehboob

M : याद में तेरी जाग जाग के हम
रात भर करवटें बदलते हैं
हर घड़ी दिल में तेरी उल्फ़त के
धीमे धीमे चराग जलते हैं ...

F : जबसे तूने निगाह फेरी है
दिन है सूना तो रात अंधेरी है
चाँद भी अब नज़र नहीं आता
अब सितारे भी कम निकलते हैं, याद में तेरी ...

M : लुटगई वो बहार की महफ़िल
छुटगई हमसे प्यार की मंज़िल
ज़िन्दगी की उदास राहों में
तेरी यादों के साथ चलते हैं, याद में तेरी...

F : तुझको पा कर हमें बहार मिली
तुझसे छुट कर मगर ये बात खुली
बागबां भी चमन के फूलों को
अपने पैरों से खुद मसलते हैं, याद में तेरी...

M : क्या कहें तुझसे क्यूं हुई दूरी
हम समझते हैं अपनी मजबुरी
तुझको मालुम क्या के तेरे लिये
दिल के ग़म आँसूओं में ढलते हैं

F : याद में तेरी...

Film song

Dil Karta Yaara Dildara

Swar/Scale :

Taal/ Pattern :

Singer \ Singers :Mahendra Kapoor, Balbir, Joginder
Music Director :Ravi

Lyrics : Sahir Ludhianvi
Film\ Album :Aadmi Aur Insaan

दिल करता, ओ यारा दिल दारा मेरा दिल करता –2
ऐसा कुछ कर पाएँ यादों मे बस जाएँ
दिल करता, ओ यारा दिल दारा मेरा दिल करता –2
हो ऽऽऽऽ सदियों जहान में हो चर्चा हमारा
दिल करता, ओ यारा दिल दारा मेरा दिल करता –2

जलती मशालें लेके, मिलने की रातों में
आगे आगे हम चलें, यारों की बरातों में
फँसे कोई भोली भाली , अपनी भी बातों में–2
किसी की कलाई आए, अपने भी हातों में
हो ऽऽऽऽ सदियों जहान में हो चर्चा हमारा
दिल करता, ओ यारा दिल दारा मेरा दिल करता –2

नित नई धूमे मचें, नित नए मेले हों
परियों में घिरे रहें, कभी ने अकेले हों
ग़म की घटाएँ हों के, खुशियों के रेले हों –2
दोनों से निभाने वाले, हम अलबेले हों
हो ऽऽऽऽ सदियों जहान में हो चर्चा हमारा
दिल करता, ओ यारा दिल दारा मेरा दिल करता –2

हमसा जियाला कोई, मिलेना हजारों में
मरे चाहे जिएँ रहे , अगली क़तारों में
झलके हमारा लहु, कलकी बहारों में –2
अश्कों का तोहफ़ा होके, बँट जाएँ यारो में
हो ऽऽऽऽ सदियों जहान में हो चर्चा हमारा
दिल करता, ओ यारा दिल दारा मेरा दिल करता –2

ऐसा कुछ कर पाएँ यादों मे बस जाएँ
दिल करता, ओ यारा दिल दारा मेरा दिल करता –2
हो ऽऽऽऽ सदियों जहान में हो चर्चा हमारा
दिल करता, ओ यारा दिल दारा मेरा दिल करता –2

Film song

Aankhon Hi Aankhon Mein

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singers :Rafi – Geeta Dutt

Lyrics :Jan Nissar Akhtar

Music Director :O.P.Nayyar

Film:C.I.D.

आँखों ही आँखों में इशारा हो गया
बैठे बैठे जीने का सहारा हो गया } 2
आँखों ही आँखों में ...

गाते हो गीत क्यूं दिल पे क्यूं हाथ है
खोये हो किसलिये ऐसी क्या बात है
ये हाल कब से तुम्हारा हो गया
हाँ आँखों ही आँखों में ...

चलते हो झूम के बदली है चाल भी
नैनों में रंग हैं बिखरें हैं बाल भी
किस दिलरूबा का नज़ारा हो गया
हाँ आँखों ही आँखों में ...

कैसा ये प्यार है कैसा ये नाज़ है
हम भी तो कुछ सुने हमसे क्या राज़ है
अच्छा तो ये दिल हमारा हो गया
हाँ आँखों ही आँखों में ...

Film song

Man Kyun Behka
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singers :Asha Bhosle-Lata Mangeshkar
Music Director : Laxmikant Pyarelal

Lyrics : Vasant Dev
Film: Utsav

[मन क्यों बहका री बहका...2 आधी रात को
बेला महका री महका आधी रात को ... 2]
किसने बंसी बजाई आधी रात को ... 2
जिसने पलकें चुराई आधी रात को
मन क्यों बहका री बहका ...

झांझर झमके सुन झमके ... 3 आधी रात को
उसको टोको ना रोको रोको ना टोको
टोको ना रोको आधी रात को
लाज लागे री लागे आधी रात को ... 2
देना सिंदूर क्यों सोऊँ आधी रात को
मन क्यों बहका री ...

[बात कहते बने क्या आधी रात को
आँख खोलेगी बात आधी रात को ... 2]
हमने पी चाँदनी आधी रात को ... 2
चाँद आँखों में आया आधी रात को
मन क्यों बहका री...

[रात गुनती रहेगी आधी बात को
आधी बातों की पीर आधी रात को ...2]
बात पूरी हो कैसे आधी रात को
रात होती, रात होती शुरू है आधी रात को
मन क्यों बहका री ...

Film song

Mere Haathon Mein

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer: Lata Mangeshkar & Chorus | Lyrics : Anand Bakshi

Music Director :Shiv - Hari | Film:Chandni

F : मेरे हाथों में नौ नौ चूड़ियों हैं
थोड़ा ठहरो सजन मजबूरियाँ हैं } 2
मिलन होगा अभी इक रात की दूरियाँ है

Ch: मेरे हाथों में...

F : लंबी लंबी रे काली काली रातों में
काहे चूड़ियों खनकती है हाथों में } 2

Ch: ना आना तू निगोड़ी चूड़ियों की बातों में
लंबी लंबी रे काली काली रातों में...

F : ले जा वापस तू अपनी बारात मुंडेया
मैं नहीं जाना नहीं जाना तेरे साथ मुंडेया } 2
सताएगा जगाएगा तू सारी रात मुंडेया

Ch: ले जा वापस तू अपनी बारात मुंडेया...

F : हाय मेरे घुटनों से लंबी हाय मेरी चोटी है
हाय मेरी अँख शतरंज दी गोटी है } 2
मेरे बाबुल न फिर कहना अभी तू छोटी है

Ch: तेरे घुटनों से लंबी तेरी चोटी है...

F : मेरे सैंया किया ये बुरा काम तूने
कोरे कागज़ पे लिख दिया नाम तूने } 2
कहीं का भी नहीं छोड़ा मुझे हाय राम तूने
मेरे सैंया किया ये बुरा काम तूने

Ch: मेरे हाथों में...

Film Song

Chhupa Loon Yun Dil

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer : Hemant Kumar | Lyrics : Majrooh Sultanpuri

Music Director :Roshan | Film: Mamta

M: छुपालो यूँ दिल में प्यार मेरा कि जैसे मंदिर में लो दिए की . . . 2

F : तुम अपने चारणों में रख लो मुझको
तुम्हारे चरणों का फूल हूँ मैं
मै सर झुकाए खड़ी हूँ प्रीतम . . . 2
कि जैसे मंदिर में लौ दिए की

M/F Ch: छुपालो यूँ दिल में प्यार मेरा कि जैसे मंदिर में लौ दिए की

M: ये सच है जीना था पाप तुम बिन
ये पाप मैंने किया है अब तक
मगर है मन में छबि तुम्हारी . . . 2
कि जैसे मंदिर में लौ दिए की

F : छुपा लो यूँ दिल में प्यार मेरा कि जैसे मंदिर में लौ दिए की

F : फिर आग बिरहा की मत लगाना
कि जल के मै राख हो चुकी हूँ

M : ये राख माथे पे मैंने रख ली . . . 2
कि जैसे मेंदिर में लौ दिए

M/F Ch: छुपालो यूँ दिल में प्यार मेरा कि जैसे मंदिर में लौ दिए की

M/F Ch: छुपालो यूँ दिल में प्यार मेरा

Film song

Aaja sanam madhur
Swar/Scale :
Taal/ Pattern :

Singers : Manna Dey- Lata
Lyrics :Hasrat Jaipuri
Music Director : Shankar- Jaikishan
Film : Chori chori

F : आजा सनम मधुर चाँदनी में हम
तुम मिले तो वीराने में भी आ जाएगी बहार
झूमने लगेगा आसमाँ... 2
कहता है दिल और मचलता है दिल
मोरे साजन ले चल मुझे तारों के पार
लगता नहीं है दिल यहाँ... 2

M : भीगी भीगी रात में दिल का दामन थाम ले
खोई खोई ज़िन्दगी हर दम तेरा नाम ले
F : चाँद की बहकी नज़र, कह रही है प्यार कर
ज़िन्दगी है एक सफर, कौन जाने कल किधर } 2
M : आजा सनम मधुर चाँदनी में...
F : कहता है दिल...

M : दिल ये चाहे आज तो बादल बन उड़ जाऊँ मैं
दुल्हन जैसा आसमाँ धरती पर ले आऊँ मैं
F : चाँद का डोला सजे, धूम तारों में मचे
झूमके दुनिया कहे, प्यार में दो दिल मिले } 2

M /F : आजा सनम मधुर चाँदनी में...

Film song

Kahin Pe Nigahen Kahin
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers:Shamshad Begum
Music Director : O.P.Narayan

Lyrics : Majrooh Sultanpuri
Film : C.I.D

कहीं पे निगाहें कहीं पे निशाना ... 2
जीने दो ज़ालिम बनाओ ना दीवाना
कहीं पे निगाहें ...

कोई न जाने इरादे हैं किधर के ... 2
मार न देना तीर नज़र का किसी के जिगर पे ... 2
नाजूक ये दिल है बचाना हो बचाना
कहीं पे निगाहें ...

तौब जी तौब निगाहों का मचलना ... 2
देख भाल के ऐ दिलवालों पहलू बदलना ... 2
क़ाफिर अदा की अदा है मस्ताना
कहीं पे निगाहें ...

ज़ख्मी हैं तेरे जाएं तो कहाँ जाएं ... 2
तेरे तीर के मारे हुए देते हैं सदाएं ... 2
कर दो जी घायल तुम्हारा है ज़माना
कहीं पे निगाहें ...

Film song

Kya Khoob Lagti Ho
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Mukesh-Kaanchan
Music Director :Kalyanji-Anandji

Lyrics : Indivar
Film : Dharmatma

M क्या खूब लगती हो बड़ी सुंदर दिखती हो ... 2
F फिर से कहो कहते रहो अच्छा लगता है
जीवन का हर सपना अब सच्चा लगता है
M क्या खूब लगती हो ...

F तारीफ करोगे कब तक, बोलो कब तक
M मेरे सीने में साँस रहेगी जब तक
F कब तक मैं रहूँगी मन में, हाँ मन में
M सूरज होगा जब तक नील गगन में
F फिर से कहो कहते रहो अच्छा लगता है
जीवन का हर सपना अब सच्चा लगता है
M ओ क्या खूब लगती हो बड़ी सुंदर दिखती हो
तुम प्यार से प्यारी हो तुम जान हमारी हो ...

M खुश हो ना मुझे तुम पा कर, मुझे पा कर
F प्यासे दिल को आज मिला है सागर
M क्या दिल में है और तमन्ना, है तमन्ना
F हर जीवन में तुम मेरे ही बनना
M फिर से कहो कहते रहो अच्छा लगता है
जीवन का हर सपना अब सच्चा लगता है

M ओ क्या खूब लगती हो ...
F तुम प्यार से प्यारे हो } 2
M तुम जान हमारी हो }

Film song **Yeh Ladka Haye Allah**

Swar/Scale :

Taal/ Patter n :

Singer /Singers: Rafi-Asha
Music Director : R.D. Burman

Lyrics : Majrooh Sultanpuri
Film : Hum Kisi Se Kum Nahin

F ये लड़का हाय अल्ला कैसा है दीवाना
कितना मुश्किल है तौबा इसको समझाना 2
के धीरे धीरे दिल बेकरार होता है
होते होते होते प्यार होता है
हो ऽ ऽ ये लड़का हाय अल्ला कैसा है दीवाना ...

F हमने तो इतना देखा, हमने तो इतना सीखा
दिल का सौदा होता है सौदा ज़िन्दगी का } 2
मिलते ही कैसे कोई होता है दीवाना
कितना मुश्किल है ... प्यार होता है
हो ऽ ऽ ये लड़का हाय अल्ला कैसा है दीवाना ...

F हो सकता है देखो ना, समझो मिट्टी को सोना
पलभर का हँसना हो जाए जीवन भर का रोना } 2
देखो जल्दी में कभी दिल को ना लगाना
कितना मुश्किल है ... प्यार होता है
हो ऽ ऽ ये लड़का हाय अल्ला कैसा है दीवाना ...

M भोली हो तुम क्या जानो, अब भी मुझको पहचानो
सपना तुम्हारा मैं हूँ मानो या ना मानो } 2
देखो नादानी से मुझे ना ठुकराना
नहीं तो गाती ही रहोगी ये तराना
के धीरे धीरे दिल बेकरार होता है
होते होते होते प्यार होता है ...

Film song

Dil Tadap Tadap Ke
Swar/Scale :
Taal/ Patter n :

Singer:Mukesh - Lata
Lyrics :Shailendra
Music Director :Salil Chaudhary
Film:Madhumati

M: दिल तड़प तड़प के कह रहा है आ भी जा
तू हमसे आँख ना चुरा, तुझे कसम है आ भी जा ... } 2

M: तू नहीं तो ये बहार क्या बहार है
गुल नहीं खिले के तेरा इंतज़ार है } 2
के तेरा इंतज़ार है के तेरा इंतज़ार है
दिल तड़प तड़प के ...

F : आ ऽ ऽ
दिल धड़क धड़क के दे रहा है ये सदा
तुम्हारी हो चुकी हूँ मैं, तुम्हारे पास हूँ सदा ... } 2

तुमसे मेरी ज़िन्दगी का ये सिंगार है
जी रही हूँ मैं के मुझको तुमसे प्यार है } 2
के मुझको तुमसे प्यार है के मुझको तुमसे प्यार है

M: दिल तड़प तड़प के ... F :दिल धड़क धड़क के

M/F : मुस्कुराते प्यार का असर है हर कहीं
हम कहाँ है दिल किधर है कुछ खबर नहीं } 2
किधर है कुछ खबर नहीं किधर है कुछ खबर नहीं

M: दिल तड़प तड़प के ...
F : दिल धड़क धड़क के ...

THE VOICEOF SHRUTI SANDHAAN

MAUSAM BITA JAYE

Singer \ Singers : Chorus | Lyrics : Shailendra

Music Director :Salil Chaudhary | Film :Do Bigha Zameen

M — भाई रे ऽ ऽ गंगा और जमना की गहरीऽ ऽ है धा ऽ ऽ र
आगे या पीछे , सबको जाना है पार

M ch : धरती कहे पुकार के बीज बिछाले प्यार के

F ch : मौसम बीता जाए , मौसम बीता जाए

M ch : मौसम बीता जाए , मौसम बीता जाए

M / F ch : मौसम बीता जाए , मौसम बीता जाए

M ch : अपनी कहानी छोड़ जा ,कुछ तो निशानी छोड़ जा

F ch : कौन कहे इस ओर तू फिर आए ना आए

M ch : मौसम बीता जाए , मौसम बीता जाए

F ch : मौसम बीता जाए , मौसम बीता जाए

M / F ch : मौसम बीता जाए , मौसम बीता जाए

F ch : तेरी राह में कलियों ने नैन बिछाए....2 ,
डाली डाली कोयल काली तेरे गीत गाए तेरे गीत गाए

M ch : अपनी कहानी छोड़ जा ,कुछ तो निशानी छोड़ जा

F ch : कौन कहे इस ओर तू फिर आए ना आए

M ch : मौसम बीता जाए , मौसम बीता जाए

F ch : मौसम बीता जाए , मौसम बीता जाए

M / F ch : मौसम बीता जाए , मौसम बीता जाए

M ch : हो भाई रे. . . .

M ch : नीला अंबर मुस्काए , हर साँस तराने गाए,
हाए तेरा दिल क्यूं मुरझाए. . . .

F ch : हो हो. हो. हो. हो. मनकी बंसी पे तू भी कोई धुन बजा ले भाई ,
तू भी मुस्कुराले

M ch : अपनी कहानी छोड़ जा ,कुछ तो निशानी छोड़ जा

F ch : कौन कहे इस ओर तू फिर आए ना आए

M ch : मौसम बीता जाए , मौसम बीता जाए

F ch : मौसम बीता जाए , मौसम बीता जाए

M / F ch : मौसम बीता जाए ,मौसम बीता जाए. (4)

M : हो भाई रे. . . ऽ ऽ ऽ ऽ